अमर उजाला 10/02/2024

छात्रवृत्तियां वितरित करने के लिए साक्षात्कार

अंबाला। छावनी स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में छात्रवृत्तियों को वितरित करने के लिए साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका आयोजन प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में किया। कार्यक्रम की संयोजक पिंकी गुप्ता ने बताया कि साक्षात्कार के लिए प्रार्थना पत्र के आधार पर विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जिसके आधार पर उनका चयन छात्रवृत्ति के लिए किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों को जीवन पथ में आत्मनिर्भरता की दिशा में सहायता मिलेगी। डॉ. पिंकी गुप्ता ने बताया कि कॉलेज की ओर से विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के आधार पर खेलकूद में प्रशिक्षित एवं प्रतिस्पर्धी छात्रों को एवं विभिन्न योग्यता मानकों और आर्थिक आधार पर छात्रवृत्तियां वितरण की जाएगी। इस साक्षात्कार कार्यक्रम में स्कॉलरशिप कमेटी के डॉ. भारती विज, डॉ. चंद्रपाल पुनिया और डॉ. पिंकी गुप्ता मौजूद रहे। संवाद